आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–31 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव एमपी–यूपी सहयोग सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिये आज वाराणसी पहुंचे। एयरपोर्ट से वह सीधे काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे और वहां उन्होंने बाबा विश्वनाथ का दर्शन–पूजन कर के विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का भ्रमण किया। इस अवसर पर संवाददाताओं से बातचीत में डॉक्टर यादव ने कहा कि वाराणसी जैसे धार्मिक स्थलों पर बेहतर प्रबंधन और सुविधाओं के जरिये लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। महाकालेश्वर मंदिर के महाकाल रूप का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि इसके लोकार्पण के बाद उज्जैन की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है।

धार्मिक पर्यटन से भी बहुत सारा बदलाव की संभावना है माननीय प्रधानमंत्री जी के आर्शीवाद से हमारे बाबा महाकाल के महालोक लोकार्पण के बाद उज्जैन की पूरी इकोनॉमी बदली है। ऐसे में काशी विश्वनाथ धाम पर भी उनके इस काशी विश्वनाथ बाबा के कॉरीडोर बनने के बाद यहां भी बदलाव आया। धीरे धीरे जब यात्री संख्या बढ़ रही है बडे पैमाने पर हमारे सभी प्रकार के मत मतांतर के आनंद के साथ विकास की नई इबारत लिखि जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने बताया कि एमपी–यूपी सहयोग सम्मेलन के माध्यम से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच धार्मिक स्थलों की व्यवस्था को लेकर अनुभव का आदान–प्रदान किया जायेगा जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। उन्होंने कहा कि अब राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा के स्थान पर सहयोग का दौर है। मध्य प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश सरकार से मिलकर कई परियोजनाओं पर कार्य कर रही है।

वाराणसी में आज एमपी–यूपी सहयोग सम्मेलन का समापन हुआ। इसमें दोनों राज्यों के बीच औद्योगिक, सांस्कृतिक, पर्यटन और ओडीओपी क्षेत्र में सहयोग को नई दिशा मिली। सम्मेलन में निवेश, कौशल विकास, हस्तशिल्प और बाजार विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर भी किये गये।

****

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया है कि इस वर्ष किसानों को चने का समर्थन मूल्य बीते वर्ष से दो सौ पच्चीस रुपये प्रति कुंतल ज्यादा मिलेगा। मसूर की दाल की खरीद तीन सौ रूपये प्रति कुंतल की बढ़ोत्तरी के साथ इस वर्ष सात हजार रूपये प्रति कुंतल की दर से होगी। कृषि मंत्री आज लखनऊ के लोकभवन में रबी की फसलों की खरीद के लिये बनायी गयी व्यापक रणनीति की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सरसो का समर्थन मूल्य छः हजार दो सौ रूपये प्रति कुंतल रखा गया है जो बीते वर्ष से दो सौ पचास रूपये प्रति कुंतल अधिक है। श्री शाही ने बताया कि प्रदेश सरकार के विशेष अनुरोध पर भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने रबी विपणन सीजन दो हजार छब्बीस के लिये मूल्य समर्थन योजना के तहत दलहन और तिलहन की सरकारी खरीद को औपचारिक मंजूरी दे दी है।

****

केन्द्र सरकार ने कल से शुरू हो रही जनगणना दो हजार सत्ताइस के पहले चरण के लिए तैंतीस प्रश्न अधिसूचित किए हैं। विश्व की यह सबसे बड़ी जनगणना दो चरणों में कराई जाएगी। पहली बार जनगणना डिजिटल रूप से कराई जाएगी। स्व–गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा। जनगणना दो हजार सत्ताइस के तरीकों को लेकर महा पंजीयक और जनगणना आयुक्त, मृत्युंजय कुमार नारायण ने आकाशवाणी के पब्लिक स्पीक कार्यक्रम में बताया कि यह जनगणना पिछली जनगणना से अलग है। उन्होने विदेश में रहने वाले भारतीयों की इस जनगणना में भागीदारी करने के तरीकों को भी स्पष्ट किया।

अभी जो प्रथम चरण की हम बात कर रहे हैं। प्रथम चरण बेसिकली मकानों की गणना और मकान सूचीकरण है इसमें अगर बाहर रहते हैं कोई फर्क नहीं पड़ता हम दूसरे चरण में जब एक–एक व्यक्ति की गणना कराते हैं तो उसमें जो बाहर रहने वाले हैं उनको एंबेसी के माध्यम से उनकी गणना कराने की व्यवस्था है।

****

महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में आज तीन दिवसीय इंटरनेशनल बौद्धिस्ट कॉन्क्लेव का शुभारम्भ हुआ। कॉन्क्लेव का उद्घाटन जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि कुशीनगर आज वैश्विक बौद्ध जगत के लिये एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में उभर कर सामने आ रहा है। यहां विकसित किया गया अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट दुनिया भर के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिये उपयोगी साबित हो रहा है। श्री सिंह ने कहा कि इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य केवल आध्यात्मिक विमर्श तक सीमित नहीं है बल्कि इसके माध्यम से क्षेत्र में पर्यटन और उद्योग को भी नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। कॉन्क्लेव के शुभारम्भ कार्यक्रम में देश–विदेश से आये बौद्ध भिक्षु, उपासक और श्रद्धालु मौजूद रहे।

****

मीरजापुर के अहरौरा–जमुई मार्ग पर रोशनहार गांव के पास आज सुबह एक बाइ के तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से उस पर सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। मरने वाले रिश्ते में मां–बेटा और भतीजा थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वह सभी इलाज के लिये घाटमपुर जा रहे थे। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने ट्रेलर को बरामद कर लिया जबकि चालक मौके से फरार हो गया।

****